हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, रविवार 5 अप्रैल 2026

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

11 राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम का हुआ स्वागत, खनिज संपदा...



12 खेत की रखवाली करने गई बुजुर्ग महिला की लाश मिली











# मेटाडोर से टकराई कार, एक युवक की मौत

- चालक समेत 8 लोग गंभीर रूप से घायल
- पालगांव के ग्रामीण सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने कांकेर गए थे, वापस लौटते हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

भारतमाला सड़क पर शुक्रवार की रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दुगली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पालगांव निवासी कुछ लोग एक सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने कांकेर गए थे। कार्यक्रम से लौटते समय उनकी ईको कार तेज रफ्तार में सामने चल रही मेटाडोर वाहन से पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ईको कार के परखच्चे उड़ गए और वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में पालगांव निवासी युवक फलेंद्र मंडावी की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार में सवार चालक समेत 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

घटना की सूचना मिलते ही दुगली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। पुलिस द्वारा पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम ▶▶ शेष पेज 10 पर



## दुर्घटना में ये हुए घायल

धमतरी। शुक्रवार की देर रात्रि भारतमाला सिक्सलेन पर ग्राम चिंवरी-सांकरा के पास हुए भीषण सड़क हादसे में ज्योति मंडावी 30 वर्ष, दुर्गेश्वरी सोरी 20 वर्ष, डागेश्वरी नेताम, रागिनी नेताम, किशन टेकाम, नंदकुमार वट्टी, गणेश कुमरेटी व रूपेश मरकाम घायल हुए हैं। मृतक सहित सभी घायल ग्राम पालगांव थाना दुगली निवासी हैं। सूचना के बाद भी संजीवनी 108 के मौके पर नहीं पहुंचने पर सभी घायलों को निजी वाहनों से उपचार के लिए धमतरी के अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।







## खबर संक्षेप

### झिरिया धोबी समाज की बैठक आज

**धमतरी।** झिरिया धोबी समाज जिला कार्यकारिणी की बैठक 5 अप्रैल को ग्राम अछोटी में रखी गई है। बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी। जिला अध्यक्ष मंगलूराम निर्मलकर ने पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील की है।

### सोनेवारा में हनुमान जन्मोत्सव 7 को

**मगरलोड।** ग्राम सोनेवारा के बजरंग चौक में हनुमान जन्मोत्सव 7 अप्रैल को रखा गया है। सुबह 8 बजे कलशयात्रा, 9 बजे पूजा पाठ, हनुमान चालीसा, सुंदरकांड पाठ पंडित रामदेव शर्मा भोथा द्वारा किया जाएगा। दोपहर 3 बजे अमृत संदेश मानस मंडली सोनेवारा, 4 बजे जय भारत मानस मंडली दरगहन, रात्रि 7 बजे मंदाकिनी मानस परिवार नूनाछापर जिला कवर्धा की प्रस्तुति होगी। कार्यक्रम की तैयारी में खिलावन सिन्हा, संतोष सिन्हा, भुवनेश्वर निर्मलकर, हेमलाल यादव सचिव, गौतम पटेल सहित ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

### राजिम में यादव समाज का महाधिवेशन आज

- समाज के प्रतिभावानों का होगा सम्मान

**कुरुद।** यादव (ठेठवार) समाज महासभा छत्तीसगढ़ का प्रांतीय वार्षिक महाधिवेशन रविवार को राजिम स्थित प्रांतीय मुख्यालय में होगा। इस आयोजन में समाज की दशा-दिशा पर मंथन के साथ विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। राजनीतिक एवं प्रशासनिक क्षेत्र से प्रकाश यादव पूर्व विधायक, राजू यादव, प्रहलाद यादव, कोमल यादव और जयपाल यादव को सम्मानित किया जाएगा। शिक्षा एवं समाजसेवा क्षेत्र में मोहन यादव, घनश्याम यादव और करुणाशंकर यदु को भी सम्मान मिलेगा। संरक्षक एवं मार्गदर्शक वर्ग में गोकुल यादव, रामनाथ यादव (दुर्ग राज), छगन लाल यादव (चारामा) और झुरहाडोला के छगन लाल यादव के साथ वरिष्ठ पत्रकार कृपाराम यादव का सम्मान किया जाएगा। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव होंगे। अध्यक्षता प्रांताध्यक्ष गुलेंद्र यादव करेंगे। विधायक रोहित साहू (राजिम) और द्वारिकाधीश यादव (खल्लारी) अति विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10 बजे पूजा-अर्चना व ध्वजारोहण से होगी। दोपहर 12 बजे सम्मान समारोह और 2 बजे अतिथियों का उद्बोधन होगा। प्रांताध्यक्ष गुलेंद्र यादव ने समाजजनों से उपस्थिति की अपील की है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मेटाडोर से टकराई...

के लिए भेजा गया है। साथ ही हादसे के कारणों की जांच की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार और असावधानी को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से भारतमाला सड़क पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और हादसों की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

---

सेमरा में निषाद समाज का वार्षिक महाअधिवेशन एवं आदर्श विवाह

# शिक्षा, संस्कार और एकता से समाज आगे बढ़ता है : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम सेमरा में गणेशपुर परिक्षेत्र द्वारा क्षेत्रीय वार्षिक महाअधिवेशन एवं आदर्श विवाह समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुरूद विधायक अजय चंद्राकर तथा विशिष्ट अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद (कैबिनेट मंत्री दर्जा),चंदूलाल निषाद निषाद समाज जिला अध्यक्ष, ललित कुमार निषाद, चंद्र कुमार निषाद ,चंदूलाल निषाद, हरक राम निषाद समाज, नारायण निषाद, गुंजा निषाद, रमेश प्रसाद, श्रीमती संतोषी निषाद,श्रीमती रेखा निषाद, अंगेश्वर निषाद सहित निषाद समाज के जिला एवं क्षेत्रीय पदाधिकारी थे।









मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर ने अपने संबोधन में कहा कि निषाद समाज हमेशा से संघर्षशील और प्रगतिशील रहा है। समाज शिक्षा, संस्कार और सामाजिक एकता के माध्यम से निरंतर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने आदर्श विवाह को बढ़ावा देते हुए कहा कि इससे अनावश्यक खर्चों पर रोक लगती है और समाज को सकारात्मक दिशा मिलती है।

नेहरू राम निषाद ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में एकता, शिक्षा और जागरूकता को मजबूत करते हैं। जिला अध्यक्ष चंदूलाल निषाद ने संगठन की मजबूती पर जोर देते हुए समाज के हर वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की बात कही।

कार्यक्रम में समाज के पदाधिकारियों ने शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुधारों पर विशेष बल दिया। आदर्श विवाह के माध्यम से सादगीपूर्ण जीवनशैली अपनाने और समाज को नई दिशा देने का संदेश दिया गया।

# अटंग में कर्मा मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया

- समाज की महिलाओं ने बाजे-गाजे के साथ कलशयात्रा निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

ग्राम अटंग में 2 अप्रैल को संत माता कर्मा मंदिर का स्थापना दिवस मनाया गया। ग्राम के गलियों में समाज की महिलाओं के द्वारा बाजे- गाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलशयात्रा के दौरान रसना पानी, पेप्सी, चॉकलेट बांटा गया। बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुआ। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं, दानदाताओं ,वरिष्ठ सामाजिक जनों, सैनिकों का सम्मान किया गया।





कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृष्णकांत साहू तहसील अध्यक्ष ने समाज की एकता, भाईचारे पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साहू समाज एक मेहनतकश समाज है। साहू समाज के लोग अपनी कड़ी मेहनत से आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने समाजजनों की मांग पर पूरा करवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए नरसिंह साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष ने कहा कि समाज के विकास के लिए शिक्षा आवश्यक है।

विशिष्ट अतिथि लेखराम साहू, गायत्री साहू, नंदनी साहू, चमेली साहू, टेकराम साहू परिक्षेत्र उपाध्यक्ष, विश्वनाथ साहू परिक्षेत्र संगठन सचिव, ताराचंद साहू संरक्षक, वीरेंद्र साहू सचिव, दिनेश साहू सहसचिव, लिखनलाल साहू, निरंजन सिंह साहू ,सोमप्रकाश साहू, भागवत राम साहू, बिष्णु राम साहू, किशन लाल साहू, इंद्रजीत चेलक, कोमल शुक्ला, फत्तेलाल तारक, रेणुका साहू, पंचू राम साहू, रोशन चंद्राकर, वेदप्रकाश साहू, टीकाराम साहू, पुरुषोत्तम, सत्यवती साहू, द्वारिका प्रसाद, डोमेश्वरी, रुक्मणि, रेखा, ममता चंद्रकला, अहिल्या, कमलेश्वरी, इंद्राणी, उमा, डेमिन, राधिका, राजेश, हरिचन्द्र, अखिलेश समते अन्य समाजजन थे।

## बिरेझर व कोटगांव में मानसगान सम्मेलन शुरू



**जीजामगांव।** क्षेत्र के बिरेझर एवं कोटगांव में 4 अप्रैल से त्रिदिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रामचरितमानस का प्रत्येक शब्द जीवन के लिए अनुकरणीय है। यदि इसके संदेशों को अपने जीवन में उतारा जाए, तो व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने अयोध्या कांड का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि भगवान राम के राजतिलक की पूरी तैयारी के बीच उन्हें 14 वर्ष का वनवास मिल गया, लेकिन उन्होंने न तो राजतिलक की खुशी जताई और न ही वनवास का दुख प्रकट किया। यह हमें सिखाता है कि जीवन में सुख-दुख की हर परिस्थिति में समान भाव रखना चाहिए। इस अवसर पर गौकरण साहू, गणेश साहू, कृष्णकांत साहू, भूपेंद्र साहू, चंद्रशेखर साहू, डॉ. लोकेश साहू, थानेश्वर तारक, हरिशंकर साहू, कामता साहू, गुलशन साहू, डॉ. हेमलाल साहू, देवचरण चंद्राकर और संदीप डहरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वालेंदु राजपूत ने किया।

# अर्जित वेतन के विरुद्ध ऋण योजना शुरू

- प्रदेशभर के कर्मचारियों में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा शासकीय कर्मचारियों के हित में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 16 मार्च 2026 से अर्जित वेतन के विरुद्ध ऋण योजना की शुरुआत की गई है। इस योजना का शुभारंभ नवा रायपुर स्थित मंत्रालय महानदी भवन में किया गया। योजना लागू होने के बाद प्रदेशभर के कर्मचारियों में हर्ष का माहौल देखने को मिल रहा है।

इस योजना को लागू करवाने में कमल वर्मा, प्रांतीय संयोजक, छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की अहम भूमिका रही। कर्मचारियों ने उनके निरंतर प्रयास, मजबूत नेतृत्व और दृढ़ संकल्प की सराहना की।



कर्मचारियों का कहना है कि यह योजना लंबे समय से लंबित मांगों में शामिल थी। इसके लागू होने से अब जरूरत पड़ने पर कर्मचारियों को बिना ब्याज के अग्रिम राशि मिल सकेगी। साथ ही आवास और शिक्षा जैसे आवश्यक कार्यों के लिए आर्थिक सहायता मिलने से उनका आर्थिक आधार मजबूत होगा।

कर्मचारियों ने इस पहल को कर्मचारी हित में एक ऐतिहासिक निर्णय बताया। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ऐसे सकारात्मक फैसले लिए जाते रहेंगे। ब्लॉक संयोजक डोमार सिंह ध्रुव, सहसंयोजक सुरेंद्र कुमार साहू, यशवंत साहू, जोहन नेताम, अशोक साहू, बुधराम नेताम, महासचिव गिरीश कुमार जायसवाल, सचिव देवप्रकाश ताम्रकार, कोषाध्यक्ष महेंद्र बोरझा, प्रवक्ता केपी साहू, सहसचिव संजय रेड्डी, सुरेंद्रकुमार लोनहारे, विजय मरकाम, संजीव निर्मलकर, सुरेंद्र कुमार नेताम ने इस जनहितकारी योजना को लागू करने के लिए राज्य सरकार का आभार माना है।

इस दौरान डोमार सिंह ध्रुव, सुरेंद्र कुमार साहू, यशवंत साहू सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि, स्मारक पर जलाए दीप

- नक्सलमुक्त भारत की उपलब्धि जवानों के बलिदान और सुरक्षा बलों के परिश्रम का प्रतिफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

भारत को नक्सलवाद से मुक्ति मिलने की ऐतिहासिक उपलब्धि के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा बेलर मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा शहीद वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान बलिदानी स्मारक पर दीप प्रज्ज्वलित कर देश के अमर सपूतों को नमन किया गया।



कार्यक्रम का आयोजन भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष मौर्यध्वज सेन एवं मंडल अध्यक्ष लिलेश प्रजापति के नेतृत्व में किया गया। सभी ने शहीदों के स्मारक पर पुष्प अर्पित कर उनके अद्वितीय साहस और बलिदान को याद किया।

वक्ताओं ने कहा कि नक्सलवाद से मुक्ति देश के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो चुकी है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा अगस्त 2024 में लिए गए संकल्प को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन तथा गृहमंत्री विजय शर्मा के नेतृत्व में साकार किया गया है। बस्तर जैसे क्षेत्र जो कभी नक्सली हिंसा और भय के लिए कुख्यात थे, आज विकास की नई इबारत लिख रहे हैं।

भाजयुमो नेताओं ने कहा कि यह उपलब्धि शहीद जवानों के सर्वोच्च बलिदान और सुरक्षा बलों के अथक परिश्रम का प्रतिफल है। यह दिन हमें राष्ट्रभक्ति, समर्पण और सेवा की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने की प्रेरणा देता है।

मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अकबर कश्यप, मंडल अध्यक्ष हुमीत लिमजा, पूर्व मंडल अध्यक्ष अमरसिंह पटेल, पूर्व महामंत्री राकेश चौबे, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष वैद गंजीर, मंडल कोषाध्यक्ष उमेश साहू सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### सौराबांधा में धूमधाम से मना हनुमान जन्मोत्सव



**अमलीडीह(धमतरी)।** ग्राम सौराबांधा में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना कर क्षेत्र में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम के दौरान मंदिर परिषद में भक्ति का वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के दर्शन किए और पूजा-अर्चना में भाग लिया। श्रद्धालुओं को खीर पूड़ी का प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर खोमन साहू, रामखिलावन साहू, कामेश साहू, कुंजलाल साहू उपस्थित थे।

### हनुमानजी की महिमा का किया गुणगान



**मगरलोड।** ग्राम अरौद में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। शीतला माता मंदिर समीप स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में पूजा-अर्चना के बाद भजन कीर्तन किया गया। ग्राम की भजन मंडली द्वारा हनुमान की महिमा का गुणगान किया गया। इस अवसर पर डा शोभाराम साहू, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष नीलकंठ साहू, सरपंच पेखन साहू, कुलेश्वर साहू, हनुमान साहू, तुलसीराम साहू, बसंत साहू, मनोहर साहू, राकेश, संतोष साहू, ग्रेवर साहू, माखन साहू, बैगा सुखचंद यादव उपस्थित थे। ग्रामीणों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आरती के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। कुलेश्वर साहू शिक्षक ने हनुमान जी की महिमा का बखान किया।

### सेनचुवा की आंगनबाड़ी में हुआ न्योता भोज



**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम सेनचुवा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 एवं 2 में पुत्र अंकुश साहू के जन्मदिन पर उनकी मां उपसरपंच प्रतिभा साहू द्वारा न्योता भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को केला, अंगूर एवं चाकलेट दिया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता आशा चन्द्राकर, किरण यादव, सहायिका इंदिरा साहू, कला साहू उपस्थित थीं।

---

पीड़ितों को भरपाई और भविष्य में आग लगाने पर 21 हजार जुर्माने का फैसला

# 11 एकड़ के पराली में लगी आग, किसानों में मचा हड़कंप

- महापंचायत में आरोपी किसान ने मानी गलती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीजामगांव

ग्राम मड़ेली के जरवायडीह खार से लगे चिरैया खार में किसानों के पैराली में आग लगने से किसानों में हड़कंप मच गया। कुछ किसानों की नजर आग पर पड़ी और ग्राम विकास समिति को सूचना दी।

आनन-फानन में ग्राम विकास समिति के प्रधान मौके पर पहुंचे और आग की लपटों को देखकर सहम गए और आग लगाने वाले व्यक्ति की खोजबीन शुरू कर दी । उसी समय गांव का एक किसान डाकवर साहू भखारा से आ रहा था। भीड़ देखकर रुका और उन्होंने हुलिया के आधार पर समिति की सर्वेयर टीम को बताया कि आग अमुख खेत से शुरू हुई । लगभग आग ने 11 एकड़ खेतों में रखे पैराली को चपेट में ले लिया। समिति दल हुलिया के आधार पर जरवायडीह सरपंच से मिला और घटना की जानकारी दी। जरवायडीह सरपंच ने अपनी टीम के साथ मामले में सहयोग दिया और आग लगाने वाले उस किसान तक पहुंच ही गए। किसान खपरी निवासी था और परमानंद ध्रुव बैगा को बुलाकर





महापंचायत दोनों गांवों की सीमा में रखी गई और उस किसान ने पंचायत के समक्ष अपना गलती कबूल ली। फिर संयुक्त पंचायत मड़ेली, जरवायडीह और खपरी ने कार्यवाही करते हुए उक्त किसान से पीड़ित किसानों की उचित भरपाई करने का फैसला सुनाया। उक्त किसान ने पंचायत के फैसले का सम्मान किया और नुकसान की भरपाई करने की बात कही। इस दौरान यह भी निर्णय लिया गया कि किसान तब तक अपने खेत की मेड़ में आग नहीं लगाएगा जब तक दूसरे किसान के खेत में पैराली की हुंडी रहती है। अगर कोई भी किसान जानबूझकर ऐसा करता है तो उन पर 21 हजार रुपये का आर्थिक दंड लगेगा।

मौके पर समिति उपाध्यक्ष ताराचंद साहू, मीडिया प्रभारी शेखर साहू, सरपंच प्रतिनिधि लक्ष्मीनारायण साहू, उपसरपंच ओमप्रकाश देवांगन, कोषाध्यक्ष लालसिंह चंदेल, सचिव चेतन साखरे, तुलस निषाद, लूरसिंग साहू, ईश्वर सोन, टेमन, शेर सिंग साहू, पुराणिक साहू, महेंद्र निर्मलकर, जरवायडीह सरपंच चंदुराम पाल, सचिव लीलाधर पाल, लीलेश्वर पाल, रेखराम पटेल अध्यक्ष, लीलाराम पटेल समेत अनेक किसान मौजूद थे।

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार गंगाप्रसाद वगैरह एवं बुधारू राम पिता दयाराम सतनामी ग्राम कचना तहसील भखारा, जिला धमतरी (छ.ग.) का निवासी है, मेरे पक्षकर गंगाराम वगैरह के नाम पर ग्राम कानामुका, तहसील भखारा में खसरा नं. 358/2 रकबा 0.170 हें. तथा खसरा नं. 358/1 रकबा 0.180 हें. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है, उपरोक्त भूमि के संबध में मेरे पक्षकारगण के द्वारा विकास कुमार, रामरखिया पिता मोहन लाल रामरखिया निवासी श्याम नगर तेलीबांधा रायपुर जिला रायपुर के साथ इकरारनामा दिनांक 15/01/2025 को निष्पादित किये थे उक्त इकरारनामा के आधार पर मेरे पक्षकार की उपरोक्त भूमि को क्रेता के द्वारा 2,35,00000/- अक्षरी दो करोड पैतीस लाख रू. में सौदा किये थे जिस पर बियाने के रूप में 20,00,000 रू. अक्षरी बीस लाख रू. नगद तथा चेक के माध्यम से 5,00,000/- रू. अक्षरी पांच लाख रू. कुल 25,00,000/- रू. अक्षरी पचीस लाख रू. प्रदान किये थे उक्त बिक्री इकरारनामा के आधार पर दिनांक 14/05/2025 तक पंजीयन कराना था परंतु क्रेता के द्वारा आज दिनांक तक मेरे पक्षकार की स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि के संबंध में पंजीयन नही कराया तथा जिस संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा दिनांक 03/02/2026 को अधिवक्ता नोटिस प्रेषित किये थे तथा उक्त नोटिस क्रेता को दिनांक 06/02/2026 को प्राप्त हो गया था जिसके बावजूद क्रेता के द्वारा उक्त नोटिस का जवाब प्रेषित नही किया है, तथा मेरे पक्षकार के द्वारा दिनांक 14/03/2026 को उक्त इकरारनामा के आधार पर द्वितीय नोटिस प्रेषित किया तथा मेरे पक्षकार दिनांक 17/03/2026 को उप पंजीयक कार्यालय कुरूद में इकरारनामा के आधार पर रजिस्ट्री कराने हेतु उपस्थित हुये थे जिसकी पावती उप पंजीयक महोदय कुरूद के द्वारा प्रदान कि गई है, उक्त सौदे के आधार पर क्रेता विकास कुमार रामरखिया मेरे पक्षकार की उक्त भूमि रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किये जाने हेतु सहमत नही है, मेरे पक्षकार के द्वारा क्रेता को रजिस्ट्री बैनामा किये जाने हेतु पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया है परंतु उक्त क्रेता के द्वारा रजिस्ट्री किये जाने पर सहमति प्रदान नही किया है, और न ही मेरे पक्षकार के द्वारा प्रेषित नोटिस का कोई जवाब नही दिया है, जिससे स्पष्ट है कि मेरे पक्षकार की भूमि को क्रेता विकास कुमार रामरखिया रजिस्ट्री करने हेतु सहमत नही है, तथा उक्त क्रेता के द्वारा मेरे पक्षकर के विरूध्द थाना भखारा में झूठा शिकायत किया था, जिस कारण से मेरा पक्षकारगण उपरोक्त भूमि को अन्य क्रेता के पास विक्रय करने हेतु स्वतंत्र है। जिस कारण से मेरा पक्षकार उक्त भूमि का सौदा किसी अन्य क्रेता के पास किया जा रहा है, उक्त सौदे पर किसी व्यक्ति या निकाय को कोई आपत्ति हो तो मेरे पक्षकार या उनके अधिवक्ता से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर अपना जवाब या बचाव कर सकते है, म्याद अवधी तक कोई आपत्ति या दावा प्रस्तुत नही किया जाता है, तो मेरा पक्षकार अपनी उक्त भूमि को अन्य क्रेता के पास विक्रय किया जा रहा है।

अतएव सूचना सो जाने।

दिनांक 02/04/2026

भवदीय
नरेश डिंगरे अधिवक्ता
सिविल कोर्ट कुरूद जिला - धमतरी (छ.ग.)
मो.नं. 9907947945

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार राकेश पिता जोगी राम व अमोला बाई पति जोगी राम ग्राम कचना तहसील (छ.ग.) का निवासी है, मेरे पक्षकर राकेश पिता जोगी राम व अमोला बाई पति जोगी राम के नाम पर ग्राम कानामुका, तहसील भखारा में खसरा नं. 1053 रकबा 0.63 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है, उपरोक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकारगण के द्वारा विकास कुमार, रामरखिया पिता मोहन लाल रामरखिया निवासी श्यान नगर तेलीबांधा रायपुर जिला रायपुर के साथ इकरारनामा दिनांक 15/01/2025 को निष्पादित किये थे उक्त इकरारनामा के आधार पर मेरे पक्षकार की उपरोक्त भूमि को क्रेता के द्वारा 1,11,00000/- अक्षरी एक करोड ग्यारह लाख रू. में सौदा किये थे जिस पर बियाने के रूप में 20,00,000 रू. अक्षरी बीस लाख रू. नगद तथा चेक के माध्यम से 5,00,000/- रू. अक्षरी पांच लाख रू. कुल 25,00,000/- रू. अक्षरी पचीस लाख रू. प्रदान किये थे उक्त बिक्री इकरारनामा के आधार पर दिनांक 14/05/2025 तक पंजीयन कराना था परंतु क्रेता के द्वारा आज दिनांक तक मेरे पक्षकार की स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि के संबंध में पंजीयन नही कराया तथा जिस संबंध में मेरे पक्षकार के द्वारा दिनांक 03/02/2026 को अधिवक्ता नोटिस प्रेषित किये थे तथा उक्त नोटिस क्रेता को दिनांक 06/02/2026 को प्राप्त हो गया था जिसके बावजूद क्रेता के द्वारा उक्त नोटिस का जवाब प्रेषित नही किया है, तथा मेरे पक्षकार के द्वारा दिनांक 14/03/2026 को उक्त इकरारनामा के आधार पर द्वितीय नोटिस प्रेषित किया तथा मेरे पक्षकार दिनांक 17/03/2026 को उप पंजीयक कार्यालय कुरूद में इकरारनामा के आधार पर रजिस्ट्री कराने हेतु उपस्थित हुये थे जिसकी पावती उप पंजीयक महोदय कुरूद के द्वारा प्रदान कि गई है, उक्त सौदे के आधार पर क्रेता विकास कुमार रामरखिया मेरे पक्षकार की उक्त भूमि रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किये जाने हेतु सहमत नही है, तथा मेरे पक्षकार के विरूध्द क्रेता के द्वारा थाना भखारा में झूठा शिकायत किया था मेरे पक्षकार के द्वारा क्रेता को रजिस्ट्री बैनामा किये जाने हेतु पर्याप्त अवसर प्रदान किया गया है परंतु उक्त क्रेता के द्वारा रजिस्ट्री किये जाने पर सहमति प्रदान नही किया है, और न ही मेरे पक्षकार के द्वारा प्रेषित नोटिस का कोई जवाब नही दिया है, जिससे स्पष्ट है कि मेरे पक्षकार की भूमि को क्रेता विकास कुमार रामरखिया रजिस्ट्री करने हेतु सहमत नही है, जिस कारण से मेरा पक्षकारगण उपरोक्त भूमि को अन्य क्रेता के पास विक्रय करने हेतु स्वतंत्र है। जिस कारण से मेरा पक्षकार उक्त भूमि का सौदा किसी अन्य क्रेता के पास किया जा रहा है, उक्त सौदे पर किसी व्यक्ति या निकाय को कोई आपत्ति हो तो मेरे पक्षकार या उनके अधिवक्ता से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर अपना जवाब या बचाव कर सकते है, म्याद अवधी तक कोई आपत्ति या दावा प्रस्तुत नहीं किया जाता है, तो मेरा पक्षकार अपनी उक्त भूमि को अन्य क्रेता के पास विक्रय किया जा रहा है।

अतएव सूचना सो जाने।

दिनांक 02/04/2026

भवदीय
नरेश डिंगरे अधिवक्ता
सिविल कोर्ट कुरूद

## खबर संक्षेप

### जिओ टावर से 72 बैटरियां चोरी, 3 लाख का नुकसान

**कांकेर।** थाना कोयलीबेड़ा क्षेत्र के ग्राम सावलीबरस स्थित जिओ टावर से बड़ी चोरी का मामला सामने आया है। टावर के टेक्नीशीयन ने थाना कोयलीबेड़ा में लिखित शिकायत दर्ज कराई। जिओ टावर टेक्नीशियन राजस्थान के 31 वर्षीय संदीप जाट ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में अंतागढ़ में है और 15 जनवरी को वह जिओ टावर सावलीबरस का निरीक्षण करने पहुंचा था। इस दौरान टावर में लगे वेरला बैटरी बैंक में से तीन बैटरी बैंक चोरी पाए गए। प्रत्येक बैंक में 24 बैटरियां होती हैं, इस प्रकार कुल 72 बैटरियां अज्ञात चोरों द्वारा पार कर दी गईं। चोरी हुई बैटरियों की कुल कीमत लगभग 3 लाख रुपएं आंकी गई है। घटना के संबंध में आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ करने पर भी कोई सुराग नहीं मिल पाया।

### बिजली करंट से किसान की मौत की जाँच में मिला अवैध कनेक्शन

**कांकेर।** बड़गांव थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ेझारकट्टा में एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर दिया, जहां खेत में काम कर रहे एक किसान की करंट लगने से मौके पर ही मौत हो गई थी। प्रारंभिक तौर पर यह घटना एक सामान्य दुर्घटना प्रतीत हो रही थी, लेकिन जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि किसान अवैध बिजली कनेक्शन का उपयोग कर रहा था, जिसने अंततः उसकी जान ले ली। प्राप्त जानकारी के अनुसार 60 वर्षीय बुधराम कवाची 18 अक्टूबर 2025 को दोपहर करीब 3 बजे अपने खेत में बकरी चरा रहा था। इसी दौरान उसके टुल्लू पंप से जुड़ा अवैध बिजली कनेक्शन का सर्विस तार अचानक खेत में गिर गया। तार पहले से ही जर्जर और कट-फट स्थिति में था। स्थिति को संभालने के लिए बुधराम बिना किसी सुरक्षा उपकरण के उसे सुधारने में जुट गया, तभी अचानक तार में करंट प्रवाहित हो गया और वह उसकी चपेट में आ गया। तेज झटके से उसके बाएं हाथ और सीने में गंभीर असर पड़ा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों द्वारा उसे तत्काल सिविल अस्पताल पखांजूर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की।

## मधुबनधाम में भाजपा कार्यकर्ताओं को दिया गया प्रशिक्षण

# प्रशिक्षण से समय प्रबंधन, मर्यादित बोली और कठोर अनुशासन आता है : अजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

भाजपा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत मधुबनधाम में कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता विधायक अजय चंद्राकर ने प्रशिक्षण शिविर में अपने उद्बोधन से कार्यकर्ताओं में नया जोश भर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सिहावा विधानसभा में विजय का मार्ग केवल और केवल प्रशिक्षण और 'अनुशासन से होकर गुजरता है।

श्री चंद्राकर ने प्रशिक्षण की महत्ता को सनातन संस्कृति से जोड़ते हुए एक गहरा तर्क दिया। उन्होंने कहा कि सीखने की प्रक्रिया कभी नहीं रुकनी चाहिए। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम ने गुरु वशिष्ठ से प्रशिक्षण लिया। भगवान श्री कृष्ण ने सांदीपनि आश्रम में शस्त्र और शास्त्र की शिक्षा ली और समय-समय पर अपने गुरुओं का मार्गदर्शन लिया। जब साक्षात ईश्वर को भी प्रशिक्षण की आवश्यकता पड़ी, तो हम साधारण कार्यकर्ताओं को निरंतर सीखते रहना चाहिए। प्रशिक्षण से ही समय प्रबंधन, मर्यादित बोली और कठोर अनुशासन आता है, जो किसी भी चुनाव को जीतने के लिए प्राथमिक हथियार हैं।

इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष प्रकाश बैस, रंजना साहू पूर्व विधायक धमतरी, पिंकी शाह पूर्व विधायक सिहावा, टीकाराम कंवर जिला पंचायत सदस्य, नरेश सिन्हा, वीरेंद्र साहू, रोहित मोहन साहू, नंदनी सिन्हा, मुरली सिन्हा, शत्रुहन साहू, विजय यदु, खिलेश साहू, तिलोत्तमा साहू, यवन साहू, कोमल यदु, चित्रसेन प्रजापति, भानुप्रिया साहू, नरेश अग्रवाल, डीहू राम साहू सहित भाजपा मण्डल मगरलोड कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



### सिहावा फतह का विजन और कांग्रेस को खुली चुनौती

विधायक चंद्राकर ने सिहावा विधानसभा क्षेत्र की वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर चर्चा करते हुए कांग्रेस सरकार और स्थानीय नेतृत्व पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि सिहावा को जीतने के लिए एक स्पष्ट विजन की जरूरत है।

### 92 गांवों में कांग्रेस की उपलब्धि पर सवाल

अजय चंद्राकर ने कहा कि आजादी के बाद से अब तक सिहावा क्षेत्र के इन 92 गांवों में कांग्रेस अपनी कोई एक बड़ी उपलब्धि बता दे। विकास के नाम पर जनता को केवल ठगा गया है। उन्होंने धर्मांतरण के मुद्दे पर भी चिंता जताई और पंडित रविशंकर शुक्ल के कार्यकाल का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सजग रहने को कहा। उन्होंने कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि भाजपा का उद्देश्य केवल नेता बनना नहीं है। हमारा लक्ष्य डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे देशभक्तों के पदचिन्हों पर चलते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति (अंत्योदय) की सेवा करना है। राजनीति हमारे लिए मेवा नहीं, बल्कि सेवा का माध्यम है।

# राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम का स्वागत

## खनिज संपदा की रक्षा करने का लिया संकल्प

- भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की अनदेखी का आरोप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



छत्तीसगढ़ से दूसरी बार राज्यसभा निर्वाचित सांसद फूलोदेवी नेताम का शनिवार को प्रथम कुरूद आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर के नेतृत्व में सांधा चौक स्थित हनुमान एग्रो के सामने पटाखे फोड़कर एवं फूलमालाओं से जोरदार अभिनंदन किया गया।

रायपुर से बस्तर जाते समय यह उनका पहला कुरूद प्रवास था, जहां कार्यकर्ताओं ने आत्मीय स्वागत किया। अपने संबोधन में नेताम ने साफ संकेत दिए कि उनका दूसरा कार्यकाल केवल औपचारिक नहीं रहेगा। उन्होंने कहा कि उन्हें दोबारा मौका मिलना बस्तर का सम्मान है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने खनिज संपदा को दूसरे हाथों में जाने से रोकने की बात कहकर बड़े आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों की ओर इशारा किया।

कुरूद की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए सांसद नेताम ने विधायक अजय चंद्राकर के दबदबे और भय का जिक्र कर सीधे राजनीतिक चुनौती दे दी। यह बयान स्थानीय स्तर पर कांग्रेस की रणनीति और आगामी चुनावी तैयारी का संकेत माना जा रहा है। वहीं भाजपा सरकार पर महंगाई, बेरोजगारी और किसानों की अनदेखी के आरोप लगाकर उन्होंने प्रदेश स्तर की सियासत को भी गर्माया। कार्यक्रम को सिहावा विधायक अंबिका मरकाम ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, राजकुमारी दीवान, आसिफ मेमन प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, ब्लाक अध्यक्ष कुरुद महिम शुक्ला, भखारा होमेंद्र साहू, विनीत बाफना, आशीष शर्मा, मनीष साहू, उत्तम साहू, अविनाश गौर, पप्पू राजपूत सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन नीलम चंद्राकर तथा आभार प्रदर्शन जिला अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने किया।

### हनुमान प्राकट्य उत्सव मनाया गया

**कुरूद।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में रामभक्त हनुमान जी का प्राकट्य उत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पूरे दिन मंदिरों में पूजा-अर्चना और धार्मिक अनुष्ठानों की गूंज रही।

# दुष्कर्म के आरोपी को मिली सख्त सजा

- न्यायालय ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास से किया दण्डित

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस द्वारा पेश किये गये पुख्ता सबूत व मजबूत पैरवी के चलते न्यायालय ने 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा से दण्डित किया है। पुलिस के अनुसार थाना सिटी कोतवाली में वर्ष 2025 में धारा 137-2, 65-1 बीएनएस एवं धारा 6 पाक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया था। इस मामले में आरोपी अनिल यादव पिता मदनलाल उम्र 42 वर्ष बनियापारा धमतरी निवासी के विरूद्ध न्यायालय में प्रस्तुत साक्ष्यों एवं गवाही के आधार पर दोष सिद्ध हुआ। न्यायालय द्वारा आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। उक्त प्रकरण कोतवाली प्रभारी राजेश मरई एवं तत्कालीन विवेचनाधिकारी संतोषी नेताम द्वारा गंभीरता, सूक्ष्मता एवं पेशवर दक्षता के साथ विवेचना की गई थी। प्रकरण में साक्ष्यों का वैज्ञानिक तरीके से संकलन, गवाहों के बयान एवं अन्य महत्वपूर्ण तथ्यों को सुदृढ़ रूप से न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। परिणामस्वरूप आरोपी को कठोर सजा दिलाने में सफलता प्राप्त हुई। इस उत्कृष्ट कार्य के लिये पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार द्वारा विवेचनाधिकारी को नगद पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया जायेगा जिससे अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भी प्रेरणा प्राप्त होगी। पुलिस द्वारा महिला एवं बाल संरक्षण से संबंधित अपराधों के प्रति शून्य सहनशीलता की नीति अपनाते हुए त्वरित, निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई लगातार की जा रही है।



# एनएमएमएस ऐप की गड़बड़ी से थमी मनरेगा की रफ्तार

- फेस स्कैन में आ रही दिक्कत से मजदूरों की उपस्थिति दर्ज नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री



ग्राम पंचायत अटंग में मनरेगा योजनान्तर्गत पाथ उपचार के लिए 9 लाख 86 हजार रुपए के विकास कार्यों की स्वीकृति हुई है। इससे ग्रामीण मजदूरों में खुशी देखने मिली थी लेकिन विकास कार्य के शुभारंभ के होते ही एनएमएमएस ऐप ने विकास कार्य में ग्रहण लगा दिया है जिसके चलते मजदूरों के चेहरे पर मायूसी छा गई।

बता दें कि 3 अप्रैल से अटंग में रोजगार गारंटी के काम की शुरुआत की गई। लेकिन जब एनएमएमएस एप्लीकेशन में रोजगार सहायक ओर मेटों द्वारा मजदूरों की हाजिरी की प्रकिया पूरी की गई तो उनकी उपस्थिति ऐप में दर्ज नहीं हो पा रही है। ऐप में बार बार फेस स्कैन और रेटिना स्कैन करने के बाद भी वह ऐप मजदूरों को उपस्थित बताने में असमर्थ रहा। 3 अप्रैल को सुबह 6 बजे से 190 मजदूर काम में पहुंच गए थे। लेकिन 12 बजे के बाद मुश्किल से 70 मजदूरों की ही उपस्थिति दर्ज हो पाई। बाकी मजदूर अपनी उपस्थिति के लिए ऐप के भरोसे बैठे रहे। रोजगार सहायक ओर मेटों ने बताया कि पहले रोजगार गारंटी के काम में कम से कम 10 लोगों की एक साथ फोटो खींचकर उपस्थिति ली जाती थी लेकिन एनएमएमएस ऐप में व्यक्तिगत रूप से फेस स्कैन या रेटिना स्कैन कर हाजिरी दर्ज करने की प्रक्रिया है जिसमे कई बार प्रयास करने के बाद भी स्कैन नहीं हो पाया और स्कैन होने पर मैच नहीं होता है। इससे मजदूर भी परेशान हैं।

मेटों ने बताया कि पहले के ऐप में उपस्थिति दर्ज करने 5 मिनट लगता था। अब 5 गुना समय ले रहा है या तो प्रक्रिया सफल ही नहीं हो पा रही है। 4 अप्रैल को भी सभी 190 मजदूर उत्साह के साथ सुबह 6 बजे काम में पहुंच गए थे फिर ऐप में हो रही समस्या ने उनकी चेहरे की खुशी छीन ली। शनिवार को मात्र 30 प्रतिशत मजदूरों की ही उपस्थिति दर्ज हो पाई।



### अधिकारियों को समस्या से कराया अवगत

रोजगार सहायक, मेटों ने संबंधित अधिकारियों को इस समस्या से अवगत कराया गया लेकिन उन्होंने उपस्थिति दर्ज करने की चरणबद्ध प्रक्रिया को ऐप में बार-बार दोहराते रहने की हिदायत दी। इधर काम पूरा होने में 5 गुना समय लेने और काम नहीं हो पाने से मजदूर, रोजगार सहायक, मेटगण मानसिक रूप से पीड़ित हो रहे।

### ग्रामीण मजदूरों में आक्रोश, रखी मांग

ऐप की समस्या को लेकर मजदूरों में भारी आक्रोश है। अटंग के ग्रामीण मजदूरों की मांग है कि पहले की तरह ही समूह में उपस्थिति ली जाए जिससे समय भी बचे, परेशानी न हो और काम भी पूरा तरीके से पूरा हो पाए। या फिर ऑफलाइन तरीके से मस्टररोल में उपस्थिति दर्ज की जाए।

# श्रीमद् लक्ष्मीनारायण महायज्ञ पर मौरीकला में निकली शोभायात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

- डीजे की धुन पर निकली कलशयात्रा

ग्राम मौरीकला (गुफा) में श्रीमद् लक्ष्मीनारायण महायज्ञ 2 से 6 अप्रैल तक आयोजित है। शुभारंभ कलश यात्रा एवं जलयात्रा से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक विधि-विधान के साथ पंचांग पूजन से की गई, जिसके पश्चात गुफा प्रांगण से कलश यात्रा निकाली गई। महिला-पुरुष श्रद्धालु पारंपरिक पीले रंग की वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर इस पावन यात्रा में शामिल हुए। यह यात्रा महंत स्वामी उमेशानंद गिरि के सानिध्य में संपन्न हुई।

यह जलयात्रा गुफा प्रांगण से प्रारंभ होकर जोगी बाबा कठौली एवं शीतला माता मंदिर पहुंची, जहां विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की गई। इसके पश्चात श्रद्धालु शीतला तालाब मौरीकला पहुंचे, जहां से जल भरकर पुनः यात्रा गुफा प्रांगण की ओर रवाना हुई।



### राममय वातावरण में झूमे श्रद्धालु

पूरी यात्रा के दौरान वातावरण पूर्णतः राममयी बना रहा। श्रद्धालु भजन-कीर्तन, जयकारों एवं डीजे की धुनों पर नृत्य करते हुए आगे बढ़ते रहे। बच्चे, युवा एवं बुजुर्ग सभी में अद्भुत उत्साह देखने को मिला। भगवा ध्वजों और धार्मिक प्रतीकों से सजी यात्रा ने पूरे क्षेत्र को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया।

### महायज्ञ का हुआ मंगलमय शुभारंभ

इस जलयात्रा के साथ ही 5 दिवसीय श्रीमद् लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शुभारंभ हुआ, जो आगामी दिनों में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों, हवन-पूजन, कथा एवं भंडारे के साथ निरंतर जारी रहेगा। महंत उमेशानंद गिरि के सानिध्य में 3 अप्रैल शुक्रवार को वेदी पूजन एवं यज्ञ स्थापना का कार्यक्रम हुआ।

# टेट के खिलाफ जंग का बिगुल फूंकने शिक्षक दिल्ली रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

टेट के विरोध में दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित देशव्यापी महा आंदोलन में शामिल होने जिले के शिक्षकों का जत्था रवाना हुआ। टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले आयोजित इस ऐतिहासिक धरना प्रदर्शन में भाग लेने के लिए शिक्षकों में जबरदस्त उत्साह और जुनून देखने को मिला। दिल्ली चलो हक लेकर रहेंगे के नारों के साथ निकले इस जत्थे ने संदेश दिया कि अब शिक्षक अपने अधिकारों के लिए आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। इस ऐतिहासिक आंदोलन में धमतरी जिले से सैकड़ों शिक्षक शामिल होंगे। सभी ने कहा कि यह केवल विरोध नहीं, बल्कि अपने सम्मान, अधिकार और भविष्य की लड़ाई है। जब तक हमारी मांगें पूरी नहीं होंगी, तब तक आंदोलन और तेज किया जाएगा।



### सेन जयंती 14 अप्रैल को

**धमतरी।** सर्व सेन समाज जिला धमतरी की कार्यकारिणी बैठक हुई जिसमें संत शिरोमणि नंदा सेनजी महाराज की जयंती मनाने चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 14 अप्रैल को संत शिरोमणि सेनजी महाराज की जयंती तहसील एवं परिक्षेत्रीय स्तर पर मनाई जायेगी।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



### मगरलोड थाना क्षेत्र के ग्राम झाझरकेरा की घटना

# खेत की रखवाली करने गई बुजुर्ग महिला की लाश मिली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड





मगरलोड ब्लॉक मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूर ग्राम झाझरकेरा की नहर नाली में बुजुर्ग महिला की लाश संदिग्ध अवस्था में खून से लथपथ मिली जिससे आसपास के गांव में सनसनी फैल गई।

मिली जानकारी के अनुसार 3 अप्रैल शुक्रवार की शाम को झाझरकेरा निवासी जमुना बाई साहू पति बलराम साहू उम्र लगभग 55 वर्ष कानेकोकोरी खार में लगाई गई गेहूं की फसल की रखवाली करने गई थी। रात तक घर वापस नहीं आई। 4 अप्रैल शनिवार की सुबह उसकी लाश उनके खेत से पास से गुजरी नहर नाली में खून से लथपथ लाश मिली थी। गांव में यह चर्चा है कि किसी जंगली जानवर ने महिला को अपना शिकार बनाया होगा। क्योंकि खेत से ज्यादा दूर जंगल नहीं है। घटना की जानकारी वन विभाग को दी ई।

सूचना मिलते ही मोहंदी रेंजर पंचराम साहू, डिप्टी रेंजर डोमार साहू, वनरक्षक गौतम निषाद, चौकीदार पहुंचे। घटना की बारीकी जांच की गई कि मृतिका के शरीर में किसी जंगली जानवर का निशान है कि नहीं। घटना को संदिग्ध देखते हुए पुलिस थाने को सूचना दी गई।

मौके पर थाना प्रभारी प्रमोद अमलतास, हवलदार जैतराम जोगी, आरक्षक किशन सोनकर पहुंचे। शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया गया। पुलिस व वन विभाग की टीम महिला की मौत कैसे हुई होगी, इसकी हर एंगल पर जांच कर रही है। इस संबंध में मोहंदी रेंजर पंचराम साहू ने बताया कि ग्रामीणों के अनुसार झाझरकेरा में एक महिला को जंगली जानवर ने अपना शिकार बना लिया है। घटना स्थल से मृतिका के शरीर में किसी भी प्रकार के जंगली जानवर के खरोचने व शिकार करने का चिन्ह नहीं दिख रहा है। पीएम रिपोर्ट के बाद जो तथ्य सामने आएगा, उनके अनुसार आगे की कार्रवाई होगी।

## वाटर एंबुलेंस : 50 किलोमीटर की दूरी 7 किमी में सिमटी



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मरीजों व घायलों के लिए अब डुबान से धमतरी की दूरी 50 किमी से सिमटकर 7 किमी हो गई है। इन मरीजों को जलमार्ग के जरिए वाटर एंबुलेंस से गंगरेल तक पहुंचाया जा सकेगा। इसके बाद एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया जाएगा। यह दूरी करीब 45 मिनट में तय कर ली जाएगी। वाटर एंबुलेंस का फायदा डुबान के 32 गांवों के हजारों ग्रामीणों को मिलेगा।

डुबान से धमतरी तक का सफर कभी आसान हुआ करता था। गंगरेल बांध बनने के बाद ये रास्ते बंद हो गए। अब डूब प्रभावित लोगों को 50-75 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। दूरी ज्यादा होने से उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ती है। खासकर मरीजों को। समस्या को देखते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की पहल पर डुबान से वाटर एंबुलेंस की सुविधा शुरू की है। इस एंबुलेंस के माध्यम से मरीजों को जलमार्ग के जरिए धमतरी तक पहुंचाया जा सकेगा। इससे न केवल समय की बचत होगी बल्कि आपात स्थिति में जीवन रक्षा भी संभव होगी। इस सुविधा के लिए टोल फ्री नम्बर भी जारी किया गया है। बताया गया है कि इस सुविधा का सीधा सीधा लाभ डूब प्रभावित 7 पंचायतों के 32 गांव के हजारों ग्रामीणों को मिलेगा।

### हरफर में पर्यटन की संभावना

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने डुबान क्षेत्र का दौरा किया। हरफर गांव में प्राकृतिक सुंदरता को देखकर इस पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए रेस्टोरेंट, बोटिंग, होमस्टे सहित अन्य सुविधाएं बहाल करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि धमतरी जिला प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध है। योजनाबद्ध तरीके से विकास कर धमतरी जिले को पर्यटन मानचित्र पर प्रमुख स्थान दिलाने हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

### परिवहन के साथ जीवन रक्षक सेवा : कलेक्टर

वाटर एंबुलेंस की सुविधा शुरू होने पर कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि यह पहल न केवल एक परिवहन सुविधा है, बल्कि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों के लिए जीवनरक्षा सेवा साबित होगी। जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले के अंतिम छोर पर बसे व्यक्ति तक भी स्वास्थ्य, शिक्षा जैसी मूलभूत सुविधाएं आसानी से पहुंचे।

## सिहावा पहाड़ पर अज्ञात शव मिलने से सनसनी

- दुर्घटना, आत्महत्या या हत्या, पुलिस जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



क्षेत्र के सिहावा पहाड़ में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक अज्ञात व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में मिलने की खबर सामने आई। प्राकृतिक शांति और सन्नाटे के लिए पहचाने जाने वाले इस क्षेत्र में अचानक हलचल बढ़ गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचने लगे।

जानकारी के अनुसार, कुछ ग्रामीण पहाड़ के एक सुनसान इलाके से गुजर रहे थे, तभी उनकी नजर एक शव पर पड़ी। शव की स्थिति संदिग्ध और भयावह बताई जा रही है, जिससे ग्रामीणों में डर का माहौल बन गया। उन्होंने तुरंत इसकी सूचना सिहावा थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने घटनास्थल को घेरकर साक्ष्य जुटाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में मृतक की पहचान नहीं हो सकी है, जिससे मामला और गंभीर हो गया है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं दुर्घटना, आत्महत्या और हत्या को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है। आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और अन्य थानों से गुमशुदगी की जानकारी भी मंगाई जा रही है। मृत्यु के कारणों का पता लगाने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मामले की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले को गंभीरता से लिया गया है और जल्द ही खुलासा करने का प्रयास किया जा रहा है। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय और चर्चा का माहौल बना हुआ है।

## रेत माफिया पर प्रशासन का शिकंजा : 7 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



- बिना वैध दस्तावेजों के रेत का परिवहन करते पाई गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

जिले में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन के खिलाफ प्रशासन ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। विकासखंड कुरूद के ग्राम चारभाठा (नारी) में शिकायत के बाद राजस्व और पुलिस की संयुक्त टीम ने तड़के औचक कार्रवाई करते हुए 7 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त की है।

ग्रामीणों की शिकायत मिलते ही अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरूद ने मामले को गंभीरता से लिया और तत्काल संयुक्त जांच टीम गठित कर मौके पर दबिश दी। टीम ने इलाके में सघन जांच अभियान चलाया, जिससे अवैध गतिविधियों का खुलासा हुआ। जांच के दौरान पकड़ी गई सभी ट्रैक्टर-ट्रॉली बिना वैध दस्तावेजों के रेत का परिवहन करते पाई गई। नियमों के उल्लंघन पर सभी वाहनों को मौके पर ही जब्त कर कृषि उपज मंडी कुरूद में सुरक्षित रखा गया है। पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर (खनिज शाखा) को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि संबंधित वाहन मालिकों पर नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्पष्ट किया कि जिले में अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति लागू है। उन्होंने सभी विभागों को सतत निगरानी और कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि अवैध खनन माफियाओं के खिलाफ इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी, ताकि प्राकृतिक संसाधनों की सुरक्षा के साथ-साथ राजस्व हानि पर भी रोक लगाई जा सके।

### खर्रा में हनुमान जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

**सिर्री।** ग्राम खर्रा में इस वर्ष भी श्रीराम हिंदू परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। मंगलवार को दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही भगवान हनुमान जी का श्रृंगार, अखंड रामायण एवं चालीसा पाठ किया गया और शस्त्र पूजन भी किया गया।













विज्ञापन संकलनकर्ता : गोपी कश्यप, नगरी, मो. 7581801429